राजनीतिक

● महाराष्ट्र विधानसभा चुनावः 85 सीटों पर मुकाबला एसएस बनाम एसएस या एनसीपी बनाम एनसीपी

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में दो शिवसेना और दो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टियाँ (एनसीपी) मैदान में हैं। 49 सीटों पर मतदाताओं के पास शिवसेना के अपने गुट को चुनने का विकल्प है क्योंकि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली पार्टी और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) आमने-सामने हैं। 36 अन्य सीटों पर मतदाता अजीत पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी या शरद पवार की एनसीपी (एसपी) में से किसी एक को चुन सकते हैं। इस प्रकार, कुल 85 क्षेत्रों में यह शिवसेना बनाम शिवसेना या एनसीपी बनाम एनसीपी है।

● क्या मणिपुर में नया मुख्यमंत्री होगा?

जानकार सूत्रों ने बताया कि मणिपुर में जल्द ही नया मुख्यमंत्री बनने वाला है। कयासबाजी का खेल जारी है।

प्रशासनिक

● क्या सोमा मंडल पीईएसबी की नई अध्यक्ष होंगी?

यदि सब कुछ ठीक रहा तो सोमा मंडल दिसंबर के पहले सप्ताह में पीईएसबी के अध्यक्ष के रूप में मल्लिका श्रीनिवासन का स्थान लेंगी। वह वर्तमान में सदस्य हैं।

● सीजेआई खन्ना की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम का पुनर्गठन

सुप्रीम कोर्ट के जजों की नियुक्ति के लिए सिफ़ारिश करने वाले पांच सदस्यीय सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम और हाई कोर्ट में नियुक्तियों की सिफ़ारिश करने वाले तीन सदस्यीय कॉलेजियम का पुनर्गठन 10 नवंबर को मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के सेवानिवृत्त होने के बाद किया गया है। सोमवार को कार्यभार संभालने वाले मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना अब दोनों कॉलेजियम के प्रमुख हैं। कॉलेजियम के नए सदस्य के रूप में न्यायमूर्ति एएस ओका शामिल हुए हैं। पांच सदस्यीय कॉलेजियम में मुख्य न्यायाधीश खन्ना के अलावा न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एएस ओका शामिल हैं। हाई कोर्ट में नियुक्तियों के लिए तीन सदस्यीय कॉलेजियम में मुख्य न्यायाधीश खन्ना, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत शामिल हैं।

● वक्फ पर जेपीसी का आगे का अध्ययन दौरा स्थगित

लोकसभा सचिवालय ने वक्फ पर जेपीसी के प्रस्तावित आगे के अध्ययन दौरे को स्थगित कर दिया है। यह दौरा 12-14 नवंबर तक कोलकाता, पटना और लखनऊ में प्रस्तावित था। कुछ विपक्षी सदस्यों ने हाल ही में स्पीकर से मुलाकात की और कहा कि अध्यक्ष ने दौरे का मजाक उड़ाया है।

● आईओसीएल के छह गैर-आधिकारिक निदेशकों का कार्यकाल नवंबर में समाप्त हो रहा

भारतीय तेल निगम लिमिटेड (आईओसीएल) के बोर्ड के छह गैर-आधिकारिक निदेशक नवंबर, 2014 में निदेशक नहीं रहेंगे। वे हैं: दिलीप गोगोई लालुंग, डॉ. आशुतोष पंत, डॉ. सिरपुरकर दत्तात्रेय राव, प्रसेनजीत बिस्वास, सुदीप्त कुमार रे और सदागोपन कृष्णन।

● साजिद फरीद शापू को बीईएमएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी का कार्यभार

मध्य प्रदेश सरकार ने साजिद फ़रीद शापू को कैडर जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया है, ताकि वे भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल), बेंगलुरु में सीवीओ के पद पर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर शामिल हो सकें। वे एमपी कैडर के 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

● तेलंगाना में आईएएस अधिकारियों का फेरबदल

तेलंगाना में 13 आईएएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। श्रीमती स्मिता सभरवाल को सचिव, वाईएटी एंड सी के रूप में तैनात किया गया है और उन्हें राज्य वित्त आयोग के सदस्य सचिव और पुरातत्व निदेशक के एफएसी में रखा गया है, जबकि ई श्रीधर ने सचिव, बीसी कल्याण का पदभार संभाला है और श्रीमती अनीता रामचंद्रन अब महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव हैं। इसी तरह, इलमबरथी को जीएचएमसी का आयुक्त नियुक्त किया गया है; के सुरेंद्र मोहन को परिवहन आयुक्त; सीएच किरण को निषेध और उत्पाद शुल्क का निदेशक; डीके भास्कर को ट्रांसको का सीएमडी और उपमुख्यमंत्री के विशेष सचिव के एफएसी में रखा गया है; एसएस लोथेती को आरोग्यश्री हेल्थ केयर ट्रस्ट का सीईओ; श्रीमती श्रीजना जी को पीआर एंड आरडी की निदेशक; श्रीमती चित्तम लक्ष्मी को आयुष की निदेशक; कृष्ण आदित्य एस को इंटरमीडिएट शिक्षा का निदेशक और इंटरमीडिएट शिक्षा बोर्ड का सचिव; संजय कुमार को श्रम आयुक्त के एफएसी में रखा गया

● पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में एआईजीएफ के बीच कार्य आवंटन

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में एआईजीएफ के बीच कार्य आवंटन किया गया है। सुश्री सुवीना ठाकुर ईएपी प्रभाग का काम देखेंगी और कैम्पा का अतिरिक्त कार्य भी संभालेंगी, जबकि अमित आनंद एफसी प्रभाग का काम संभालेंगे और परिवेश, प्रगति, पीएमजी, मिशन कर्मयोगी और एक पेड़ मां के नाम में भी सहायता करेंगे। इसके अलावा, संगीता महला को आरटी प्रभाग का काम आवंटित किया गया है।

● हरियाणा में दो आईएएस अधिकारियों को मिली नई जिम्मेदारी

हरियाणा में दो आईएएस अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। सीजी रजनी कंथन को मानव संसाधन सचिव नियुक्त किया गया है तथा उन्हें सामान्य प्रशासन सचिव और केंद्रीय परीक्षा समिति के सचिव का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है, जबकि आदित्य दहिया को कार्मिक, प्रशिक्षण एवं संसदीय मामले के विशेष सचिव तथा सतर्कता जांच अधिकारी का कार्यभार सौंपा गया है।

● नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा वैज्ञानिकों की मांग

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने इसके लिए विज्ञापन दिया है। वैज्ञानिकों के पद को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरना। विस्तृत जानकारी एमएनआरई वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

बदल रहा है महाकुंभ में जन-आस्था के सबसे बड़े आकर्षण अखाड़ों का स्वरूप

प्रयागराज।

महाकुंभ में जन आस्था का सबसे बड़ा आकर्षण यहां आने वाले हिंदू सनातन धर्म के 13 अखाड़े और उनका शाही स्नान होता है। धार्मिक परम्परा का अनुगामी बनकर आगे बढ़ रहे सनातन धर्म के इन अखाड़ों में भी धीरे धीरे बदलाव हो रहा है।महाकुंभ में हिंदू सनातन धर्म का प्रचार प्रसार करने वाले अखाड़ों में पर्यावरण संरक्षण का एजेंडा शामिल हो गया है। प्रदेश की योगी सरकार के कुंभ आयोजन से जुड़े दृष्टिकोण की प्रेरणा ने अखाड़ों के बदलाव में भूमिका निभाई है।

प्रयागराज महाकुंभ को प्लास्टिक फ्री और ग्रीन कुंभ के रूप में आयोजित करने का योगी सरकार ने संकल्प लिया है। एक तरफ जहां कुंभ मेला प्रशासन इसके लिए निरंतर प्रयत्न कर रहा है तो वहीं दूसरी तरफ अखाड़ों और संतों के महाकुंभ के एजेंडे में भी सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के साथ पर्यावरण संरक्षण का एजेंडा शामिल हो गया है। निरंजनी अखाड़े के प्रयागराज स्थित मुख्यालय में 5 अक्टूबर 2024 को आयोजित हुई अखाड़ा परिषद की बैठक में पारित संकल्प प्रस्ताव में पर्यावरण संरक्षण भी एक बिंदु था। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी बताते हैं कि प्रकृति हैं तो मनुष्य है । इसलिए प्रकृति को बचाए रखने के लिए पर्यावरण संरक्षण का विषय महत्वपूर्ण है। महाकुंभ में इस बार अखाड़ों के संत भी लोगों को इसके लिए जागरूक करेंगे। इसके अलावा महाकुंभ में संतों और श्रद्धालुओं से प्लास्टिक और थर्मोकोल के बर्तनों के बजाय दोना पत्तल और मिट्टी के बर्तनों को बढ़ावा देने की अपील की गई है और इसके लिए योजना बनाई जा रही है। आदि शंकराचार्य ने बौद्धिक और सैन्य भावना से लैस ब्राह्मण और क्षत्रिय परिवारों से तरुण युवाओं को एकत्र कर राष्ट्र और संस्कृति की रक्षा के लिए जो सेना तैयार की उन्हीं से 13 अखाड़ों का अस्तित्व सामने आया। अपनी धार्मिक परम्परा के अनुसार लंबे समय से सनातन धर्म के ये अखाड़े अपनी धार्मिक यात्रा तय कर रहे हैं। योगी सरकार के 2019 के भव्य, दिव्य और स्वच्छ कुंभ के आयोजन में अखाड़ों में बदलाव की बयार देखने को मिली है। अखाड़ों में समाज के वंचित और दलित वर्ग से आने वाले साधु संतो को भी अखाड़ों में बड़े पदों पर आसीन किया गया। सबसे पहले दलित समाज से आने वाले जूना अखाड़े के संत कन्हैया प्रभु नंद गिरी को 2019 में जूना अखाड़े का महा मंडलेश्वर बनाया गया। इस परम्परा को आगे बढ़ाते हुए इस महाकुंभ में 450 से अधिक वंचित और दलित समाज से आने वाले संतों को इस बार महा मंडलेश्वर, महंत और मंडलेश्वर जैसी उपाधियां दी जाएंगी। जूना अखाड़े के संरक्षक महंत हरि गिरी की अगुवाई में इस साल महाकुंभ में जूना अखाड़े में 370 दलित महामंडलेश्वर, मंडलेश्वर, महंत और पीठाधीश्वर बनाया जाना है।

मोदी-योगी की भाजपा सरकार में गरीब, किसान व नौजवान खुशहाल

मीरजापुर

एनडीए गठबंधन की उम्मीदवार शुचिस्मिता मौर्य ने मझवां विधानसभा के ग्रामीण अंचलों में जनसम्पर्क किया। उन्होंने कहा कि मोदी-योगी की भाजपा सरकार में गरीब, किसान, नौजवान खुशहाल है।

उन्होंने ग्रामसभा कुशहा, कोल्हण, दुबानी, रामपुर, परवा राधपुर, लेडु, मझिगवा, पठान पट्टी, इन्दी पर्वतपुर, भुइली पांडेयपुर, अर्जुनपुर में जनसंपर्क किया। लोगों से भारी मतों से जिताने का आशीर्वाद मांगा। कहा कि आजादी के बाद भाजपा सरकार में आम गरीब आदमी को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला गैस, पीएम किसान सम्मान निधि, आयुष्मान स्वास्थ्य योजना आदि योजनाओं से जनता लाभान्वित हो रही हैं।

पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष रामकुमार विश्वकर्मा ने राबर्ट्सगंज विधायक भूपेश चौबे, घोरावल विधायक अनिल मौर्य, पूर्व सांसद नरेंद्र कुशवाहा, नित्यानंद निषाद, विधा शंकर मौर्य, नितिन विश्वकर्मा के साथ जनसंपर्क किया।

जीत के लिए सपा ने झोंकी ताकत, किया जनसंपर्क-मझवां विधानसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार डा. ज्योति बिंद ने भटौली, बंधवा, आही, जौसरा आदि क्षेत्रों में भ्रमण किया। कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए समाजवारी पार्टी को वोट देकर उन्हें विजयी बनाएं। इस दौरान इंदु कुमारी, परवीन बानो, रुचि श्रीवास्तव, शशि यादव आदि ने जनता से डा. ज्योति को जिताने की अपील की। क्षेत्र के पैड़ापुर, अघवार, जिउती, खुटहा, पड़री आदि क्षेत्रों में जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चैधरी, चंदौली सांसद वीरेंद्र सिंह, सांसद सोनभद्र छोटेलाल खरवार, विधायक सकलडीहा प्रभु नारायन यादव, विधानसभा अध्यक्ष झल्लू यादव ने भ्रमण किया।

वकीलों का दूसरे दिन भी प्रदर्शन जिला जज का पुतला फूंका

गाजियाबाद। न्यायालय कक्ष में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में चल रहा आंदोलन लंबा खिंचने के आसार नजर आ रहे हैं। आगामी 16नवंबर को आंदोलन को आगे पर प्रभावी ढंग से चलाने के लिए रणनीति तैयार होगी। इसके लिए उत्तर प्रदेश के साथ दूसरे प्रदेशों के अधिवक्ता गाजियाबाद में होने वाली बैठक में शामिल होंगें।

बार अध्यक्ष दीपक शर्मा ने यह जानकारी दी। दूसरी ओर वकीलों का मंगलवार को भी जारी रहा। आज वकीलों ने गाजियाबाद में कलेक्ट्रेट के सामने हापुड़ रोड पर अधिवक्ताओं ने जाम लगा दिया और जिला जज का पुतला फूंका। जाम के कारण वहां पर लंबी-लंबी लाईनें लग गई। आक्रोशित वकीलों ने एक कार में तोड़फोड़ भी की। पुलिस ने कार मालिक को समझा बुझाकर रवाना किया।

29अक्टूबर को गाजियाबाद के जिला न्यायालय में जिला जज और वकीलों के बीच नोक झोक हो गई थी। इसके बाद पुलिस ने वकीलों को लाठी चार्ज करके भगाया था।

बिना चिंता कराइए अच्छे अस्पताल में उपचार, पैसा देगी सरकार

गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसी को इलाज को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है। बिना चिंता किए अच्छे से अच्छे अस्पताल में इलाज कराएं। उपचार में जो भी धनराशि खर्च होगी, उसकी व्यवस्था सरकार करेगी। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार शाम विधानसभा उपचुनाव प्रचार करने के बाद गोरखपुर पहुंचे थे। गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद सोमवार की सुबह पूर्वाह्न झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रचार के लिए रवाना होने से पहले उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 150 लोगों से मुलाकात की।

सीएम ने जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे लोगों को मदद का भरोसा दिया। अफसरों को निर्देशित किया कि जिन लोगों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है और उन्हें उपचार में आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके एस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से पूरा कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। एक महिला ने अपने परिजन का इलाज मेदांता अस्पताल में कराने के लिए अपनी आर्थिक तंगी का जिक्र किया। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उसे आत्मीय संबल देते हुए कहा- अस्पताल में भर्ती कराकर डॉक्टर से एस्टीमेट मंगवा लीजिए। परेशान होने की आवश्यकता नहीं है, उपचार का पैसा सरकार देगी। सीएम ने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी परेशान होने या घबराने होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का समाधान कराया जाएगा। कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। पारिवारिक मामलों के निस्तारण में दोनों पक्षों को एकसाथ बैठाकर संवाद करने को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं, ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े।

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-1, गोमतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल

आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, नेहरू नगर, भोपाल में स्थित शेड क्रमांक- एस /671 मण्डल द्वारा श्री राजेश तिवारी आत्मज स्व. श्री एच. पी. तिवारी के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय से दिनांक 06/03 /2006 को पंजीकृत है। उक्त सम्पत्ति की लीज समयावधि दिनांक 31/05/2043 तक वैध है। श्री राजेश तिवारी आत्मज स्व. श्री एच.पी. तिवारी द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री अनमोल खंताल आत्मज श्री सुनील कुमार गुप्ता को विक्रय पत्र के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय पत्र दिनांक 29/10/2024 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र एवं विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री अनमोल खंताल आत्मज श्री सुनील कुमार गुप्ता के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है । यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा ।

2505 **सम्पदा अधिकारी**
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1 भोपाल

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-1, गोमतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल

आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, नेहरू नगर, भोपाल में स्थित भवन क्रमांक एम.आई.जी. / डी -48 मण्डल द्वारा (1) श्री राजेश चौरसिया आत्मज श्री मुंशीराम चौरसिया (2) श्री धर्मेन्द्र चौरसिया आत्मज श्री मुंशीराम चौरसिया के नाम से हस्तांतरित है ।उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय से दिनांक 31/10/2007 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 30/09/2020 को पंजीकृत है । उक्त सम्पत्ति की लीज समयावधि दिनांक 30/06/2046 तक वैध है ।(1) श्री राजेश चौरसिया आत्मज श्री मुंशीराम चौरसिया (2) श्री धर्मेन्द्र चौरसिया आत्मज श्री मुंशीराम चौरसिया द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती रत्नम श्रीवास्तव पत्नी श्री गौरव खरे को विक्रय पत्र के माध्यम से विक्रय कर दिया है । जिसका विक्रय पत्र दिनांक 08/11/2024 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है ।क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र एवं विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती रत्नम श्रीवास्तव पत्नी श्री गौरव खरे के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है । उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है । यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी /संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें । समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा ।

2506 **सम्पदा अधिकारी**
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1 भोपाल

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-1, गोमतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल

आम सूचना

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, बाणगंगा, टी. टी. नगर, भोपाल में स्थित भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू. एस.- 24 मण्डल द्वारा श्री भूपेन्द्र वर्मा आत्मज स्व. श्री रामदीन वर्मा के नाम से नामांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय से दिनांक 19/04/2005 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 18/09/2024 को पंजीकृत है। श्री भूपेन्द्र वर्मा आत्मज स्व. श्री रामदीन वर्मा द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती आशा मथुरिया पत्नी श्री छोटेलाल मथुरिया को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 04/10/2024 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र एवं विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती आशा मथुरिया पत्नी श्री छोटेलाल मथुरिया के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

2507 **सम्पदा अधिकारी**
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1 भोपाल

न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी
रा.प्र.क्र.0055 अ-20 (3) वर्ष 2024-25

इश्तहार

आम जनता को इस इश्तहार प्रेस मुनादी के जरिये सूचित किया जाता है आवेदक इदरिस कुरैशी आ. मो. याकूब कुरैशी निवासी वार्ड नं. 10, पुरानी गरीबी लाइन, तिलक नगर, इटारसी तह. इटारसी द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र अर्न्तगत धारा 109, 110 म.प्र. भू. रा. सहिता प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि नजूल शीट नं. 17 प्लाट नं.157/1 रकबा 240 वर्गफुट, प्लाट नं. 15712 रकबा 230 व.फु. एवं प्लाट नं0 159/2 रकबा 24 व.फु. इस प्रकार कुल रकबा 494 व.फु. भूमि जो नजूल अभिलेख मे सायराबी विधवा हाजी मोहम्मद याकूब के नाम पर दर्ज चली आ रही है। श्रीमति सायराबी विधवा हाजी मोहम्मद याकूब आवेदक की माता थी जिनका निधन दिनांक 13/06/2018 को हो चुका है, उनका विधिक बारसान / उत्तराधिकारी आवेदक है, इसके अलावा अन्य कोई नही है। आवेदक के पिता हाजी मोहम्मद याकूब आ. अब्दुल सत्तार का निधन पूर्व में दिनांक 14/05/1984 को हो चुका है। अतः आवेदक द्वारा उक्त वर्णित संपत्ति पर से सायराबी विधवा हाजी मोहम्मद याकूब का नाम विलोपित कर स्वयं का नाम फौती आधार पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज किये जाने का अनुरोध किया है। आवेदक के उक्त आवेदन पर जनसामान्य को कोई आपत्ति या कोई दावा प्रस्तुत करना हो तो वह प्रकरण के सुनवाई दिनांक 19/11/2024 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय अवधि में दावा या आपत्ति पेश न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर आदेश पारित किया जावेगा। **नोटः** नियत तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में प्रकरण की कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में होगी।

AG **नजूल अधिकारी**
इटारसी

आपका राशिफल 14 नवम्बर

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से सामागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-1-4-6

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी न व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। समय लगकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-5-7

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-3-6-7

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): सामाजिक मान सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रयास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। मनोबल ऊंचा रखें और काम में लगे रहें। शुभांक-4-6-8

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-5-8-9

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़ तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। शुभांक-4-7-9

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-5-7-9

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। शुभांक 2 5 9

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-8

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक-3-5-7

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक 6 9 9

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-6-7

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मंशाराम (MANSHARAM) S/O CHUNNILAL, R/o H. NO. WARD NO.07, BSNL COLONY KE SAMNE SANKHEDA NAKA, ITARSI, NARMDAPURAM (M.P.) है, जिनके आधार कार्ड में नाम मंशाराम हुरेमाल (MANSHARAM HURMALE) दर्ज हो गया है जबकि उनका सही नाम मंशाराम (MANSHARAM) है, यह कि मेरे पक्षकरा वर्तमान में मंशाराम (MANSHARAM) के नाम से जाना पहचाना जाता है तथा भविष्य में भी इसी नाम से जाना व पहचाना जायेंगा एवं यही नाम अन्य दस्तावेज आधार कार्ड, में भी दर्ज करा लिया जावेगा। उक्त नाम के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह व्यक्ति जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय में मय प्रमाण के संपर्क करें और यदि कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति मय प्रमाण मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। नियत समयावधि में कोई आपत्ति न किये जाने पर मेरा पक्षकार उक्त नाम संशोधित करवा लेगा, भविष्य में किसी व्यक्ति अथवा संस्था की कोई आपत्ति मान्य नही होगी ।

हेमेन्द्र तिवारी, एडवोकेट
ई. एम. 352, नेहरू नगर, भोपाल
मोन. 9752908029
2502

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
एम.पी. नगर वृत्त भोपाल

प्रकरण क्र. 43 /अपील/2023-24

श्री स्वप्निल सिन्हा आ. श्री अशोक सिन्हा, निवासी- म.न. 31, अविनाश नगर फेस-1